पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
...भरोसे का प्रतीक ! ...the name you can BANK upon !

प्रधान कार्यालयः प्लाट नं. 4, सेक्टर–10, द्वारका, नई दिल्ली–110075
(ई–मेल आईडी: hosd@pnb.co.in)

## असाधारण आम बैठक/निर्दिष्ट/ अंतिम तिथि की सूचना

पंजाब नैशनल बैंक (शेयर एवं बैठकें) विनियमावली, 2000 और अन्य लागू विधियों/दिशानिर्देशों के अनुसार, एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(i) के प्रावधानों के अनुसार केंद्र सरकार के अलावा अन्य शेयरधारकों में से पंजाब नैशनल बैंक के **एक** निदेशक का चुनाव आयोजित करने हेतु बैंक के शेयरधारकों की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो–विजुअल (ओएवीएम) के माध्यम से **बुधवार 08 सितंबर, 2021 को प्रातः 11.00 बजे** आयोजित किया जाना तय किया गया है।

बैंक ने उपर्युक्त चुनाव में भाग लेने (नामांकन करने, चुनाव में भाग लेने और मतदान करने हेतु) पात्र शेयरधारकों का निर्धारण करने के उद्देश्य से **शुक्रवार, 13 अगस्त, 2021** को **निर्दिष्ट/अंतिम तिथि** के रूप में निर्धारित किया है।

चुनाव लड़ने के इच्छुक शेयरधारकों द्वारा नामांकन पत्र जमा करने हेतु अंतिम तिथि तथा समय **मंगलवार, 24 अगस्त, 2021 को सायं 5:00 बजे तक** का होगा।

सेबी परिपत्र सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांक 15.01.2021 के साथ पठित एमसीए सामान्य परिपत्र संख्या 10/2021 दिनांक 23.06.2021, 39/2020 दिनांक 31.12.2020, 33/2020 दिनांक 28.09.2020, 22/2020 दिनांक 15.06.2020, 17/2020 दिनांक 13.04.2020 तथा 14/2020 दिनांक 08.04.2020 के अनुपालन में, **असाधारण आम बैठक की विस्तृत सूचना, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ चुनाव हेतु सुसंगत प्रपत्र सम्मिलित हैं, उन समस्त शेयरधारकों को केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप में यथासमय प्रेषित की जाएगी, जिनके ईमेल पते बैंक/निक्षेपागार सहभागी(यों) के पास पंजीकृत हैं।**

असाधारण आम बैठक की सूचना बैंक की वेबसाइट अर्थात् **www.pnbindia.in** स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट्स अर्थात् **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** तथा एनएसडीएल (ई–वोटिंग एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध करवा दी जाएगी।

जो शेयरधारक अमूर्तीकृत रूप में शेयर रखते हैं तथा जिनके ई–मेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने निक्षेपागार सहभागियों के माध्यम से अपना ईमेल पता और मोबाइल नंबर पंजीकृत करें। भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने ईमेल पते और मोबाइल नंबर बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट मैसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (प्रा) लिमिटेड को **beetal@beetalfinancial.com** पर प्रदान करें। इसके अतिरिक्त ऐसे शेयरधारकों से भौतिक रूप में धारित अपने शेयरों को अमूर्तीकृत करने का भी अनुरोध किया जाता है।

शेयरधारकों के पास इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (दूरस्थ ई–वोटिंग और ईजीएम के दौरान ई–वोटिंग) द्वारा ईजीएम में किए जाने वाले कार्य के संबंध में मतदान करने के अपने अधिकार को उपयोग में लाने की सुविधा होगी। अमूर्तीकृत रूप में, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक और जिन शेयरधारकों ने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, वे ईजीएम की विस्तृत सूचना में यथानिर्धारित मतदान करने की प्रक्रिया का संदर्भ ले सकते हैं।

चुनाव से संबंधित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु, शेयरधारकों से बैंक की वेबसाइट अर्थात् **www.pnbindia.in** देखने का अनुरोध किया जाता है।

**निदेशक मंडल के आदेश से**
**कृते पंजाब नैशनल बैंक**
**(एकता पसरीचा)**
**कम्पनी सचिव**

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 29.07.2021**